राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
सीनियर सेकेंडरी कोर्स : जनसंचार (335)
पाठ 11: रेडियो कार्यक्रमों के फॉरमेट
वर्क शीट - 11

1. रेडियो कार्यक्रमों का वर्गीकरण कीजिए। समय अनुसार कार्यक्रमों की उपयोगिता के अनुभव कीजिए एवं अनुभव को लिखकर साझा कीजिए।

2. रेडियो कार्यक्रम निर्माण को तीन भागों में विभाजित किया जाता है। एक रेडियो कार्यक्रम को सुनिए एवं उसके होने वाले विभिन्न स्तरों को पहचान कर अपने परिवार में चर्चा कीजिए।

स्तर

उच्चारण	रेडियो कार्यक्रम के स्तर
संगीत	
ध्वनि	

3. रेडियो वार्ता रेडियो का एक अहम फॉर्मेट है, किसी भी एक सामाजिक विषय पर रेडियो वार्ता सुने एवं अपने अनुभव के लिखिए।

4. आपको एक रेडियो चैनल में बतौर एनाउंसर कार्यरत हैं। शिक्षा पर आधारित अधिनियम पर एक शिक्षाविद से जानकारी लेनी है। उक्त जानकारी अपने श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए आप रेडियो के किस फार्मेट का उपयोग करेंगे।

5. रेडियो डाक्यूमेंट्री से आप क्या समझते हैं? किसी भी विषय पर एक रेडियो डाक्यूमेंट्री को सुने एवं उसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर उत्तर दीजिए।

6. रेडियो फॉर्मेट के विभिन्न तत्वों को सारणी के माध्यम से प्रदर्शित कीजिए।

7. शास्त्रीय संगीत को विभिन्न रूपों में विभाजित किया गया है। सभी रूपों पर आधारित कार्यक्रम सुने एवं अपने अनुभव के आधार पर उनकी पांच उपयोगिताओं को लिखिए।

8. रेडियो कार्यक्रमों में ध्वनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जल संरक्षण एव प्रबंधन को लेकर आप रेडियो में किस प्रकार की ध्वनि का चयन करेंगे। एक रेडियो जलसंरक्षण विज्ञापन कार्यक्रम निर्माण की सहायता से बताइए।

9. फोन-इन कार्यक्रम एवं रेडियो ब्रिज कार्यक्रम का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

10. आकाशवाणी की इंटरनेट कब शुरू हुआ। इस संबंध में उत्तर दीजिए। इंटरनेट का रेडियो के प्रसार में व्यापक योगदान रहा है, इंटर एवं रेडियों की पांच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।